मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 10 फरवरी 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	10-02-14	11-02-14	12-02-15	13-02-15	14-02-15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	27	28	28	29	31
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	14	15	15	16	17
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	1	0	1	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	52	49	51	53	50
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	27	30	21	19	24
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	9	8	3	3	5
हवा की दिशा	उत्तर–पूर्व	पूर्व–उत्तर–पूर्व	पूर्व	दक्षिण–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

सरसों की फलियां हल्की पीली पडने या फलियां चटकने से पहले कटाई कर सुरक्षित स्थान पर रखें।

गेहूँ की फसल में चौथी सिंचाई फसल बोने के 80 से 85 दिन पर व पाँचवी सिंचाई 100 से 105 दिन पर करें।

प्याज की फसल में दीमक का प्रकोप दिखाई देने पर 4 लीटर क्लोरोपायरीफॉस प्रति हैक्टेयर सिंचाई के साथ दें।

सिंचाई की सुविधा वाले स्थान पर अनार, बेर व आंवला के पौधे इस समय लगाये जा सकते हैं।

पशु आहार में हरे चारे कि मात्रा नियंत्रित रखे व सूखे चारे की मात्रा बढाकर दें क्योंकि हरे चारे को अधिक मात्रा में खाने से पशुओं में हरे रंग की दस्त अथवा एसिडोसिस की समस्या हो सकती है।